हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 14 अगस्त 2025

06 हमें संस्कारों से जुड़कर अपने समाज और देश को ...



09 जब पीएमश्री स्कूल की स्मार्ट क्लास में सीनियर...






## खबर संक्षेप

### कोतवाली चौराहे पर आज होगा यज्ञ हवन

**सीहोर।** आर्य समाज शहर छावनी सीहोर एवं लोक जनकल्याण परिषद सीहोर के संयुक्त तत्वाधान में जनमानस की सुख समृद्धि एवं पूर्ण जलवृष्टी के लिये स्थानीय कोतवाली चौराहे पर आज सुबह 11 बजे यज्ञ हवन किया जायेगा। उक्त जानकारी आर्य समाज शहर छावनी सीहोर अध्यक्ष कमलेश आर्य ने देते हुए सभी जनमानस से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में यज्ञ हवन कार्यक्रम में शामिल होकर आहूति देकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

### समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने का आरोप

**सीहोर।** सर्व ब्राह्मण समाज, सीहोर के आधिकारिक लेटरहेड की कथित जालसाजी कर गलत तथ्यों के साथ पत्र तैयार किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। जिला अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि पंकज शर्मा द्वारा समाज का फर्जी लेटरहेड बनाकर उसका दुरुपयोग किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त लेटरहेड पर गलत तथ्यों के साथ पत्र तैयार कर समाज की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाया गया है और समाज में भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है। पं. दीपक शर्मा ने इसे भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि ऐसे कृत्यों पर रोक लगाई जा सके और समाज की गरिमा बनी रहे। इस मौके पे पं.मनोहर शर्मा, सुदीप व्यास, राजेंद्र दुबे, गोपाल दुबे, सुनील पाराशर,राजेश मोहन जी शर्मा, योगेश श्रुति, नवीन मिश्रा, मनीष शर्मा, प्रदीप गौतम,चंद्रकिशोर शर्मा, राकेश शुक्ला, राकेश शर्मा महाकाल, रजत व्यास, सुनील शर्मा,नवनीत उपाध्याय,रूपेश तिवारी,नितिन उपाध्याय आदि शामिल है।

### राठौर क्षत्रिय समाज ने मनाई राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती, निकाला जुलूस

# झांकी में दिखी ऑपरेशन सिंदूर की झलक, दुर्गावाहिनी ने दिखाई ताकत

**परंपारिक हर्षोउल्लास से मनाई राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती तिरंगे के साथ लहराऐ पांच सौ केशरिया ध्वज, नरसिंह गढ़ के बैंड नाशिक के ढोल रहे आकर्षण का केंद्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



राठौर क्षत्रिय समाज के द्वारा बुधवार को राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती परंपारिक रूप से हर्षोउल्लास से मनाई गई। राठौर क्षत्रिय समाज ने शहर में भव्य विशाल चल समारोह निकाला। राठौर धर्मशाला में ध्वजारोहण और रामजानकी मंदिर में भगवान श्रीराम चंद की वंदन की गई। भव्य चल समारोह का शुभारंभ राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर पार्क गंज से किया गया। चल समारोह में ऑपरेशन सिंदूर की झांकी में मिसाइले गरजती हुई दिखाई दी। दुर्गावाहिनी की बहनों की बहनों ने अपनी ताकत दिखाई और सेना की वर्दीधारी बालिकाओं ने भी देश भक्ति गानों पर नृत्य कर रंग जमा दिया। बलिदानियों के प्रतीक तिरंगे के साथ पांच सौ केशरिया ध्वज चल समारोह में लहराते हुए दिखाई दिए। नरसिंहगढ़ के बैंड नाशिक के ढोल और लाइव डीजे ने देशभक्ति गीतों से युवाओं में जोश भर दिया। भारत माता बनी नन्नी बालिका और ऑपरेशन सिंदूर की झांकी रथ में सवार गुरूजन एवं वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा झांकी, सहित नृत्य करते समाजिक बंधु आकर्षण के केंद्र बने रहे। भव्य चल समारोह साई मंदिर,ग्वालटोली, बजरंग चौराहा से राठौर समाज श्री रामजानकी मंदिर होते हुए आर्य समाज मंदिर से गंज बजरिया, पुराना बस स्टेंड कोतवाली चौराहा, मेन रोड,पान चौराहा बड़ा बाजार से अग्रवाल पंचायती भवन नमक चौराहा, जगदीश मंदिर चौराहा, आंनद डेरी तिराहा, कोतवाली चौराहा बस स्टेंड से वापस राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर पार्क पहुंचा जिस के बाद रामजानकी मंदिर में ध्वजारोहण वंदन किया गया। चल समारोह में समाज की सजीधजी महिलाओं युवतियों युवाओं और बड़ी संख्या में साफ बांधे बुजूर्गो ने शामिल होकर राठौर क्षत्रिय समाज की एकता देश भक्ति और सामाजिक प्रगति का सुंदर परिचय दिया। शहर में अनेक स्थानों पर सामाजिक धार्मिक राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने मंच बनाकर पुष्पवर्षा कर जोरदार स्वागत किया तो वही अनेक स्थानों पर शीतल जल, मिष्ठान चाय नास्ते का भी वितरण किया गया। चल समारोह मार्ग स्वागत के फूलों से भर गया। गंज स्थित श्री रामजानकी मंदिर में भगवान की आरती की गई और प्रसादी का वितरण कर चल समारोह का समापन किया गया। चल समारोह में शामिल राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा संगठन महासभा जितेंद्र राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर,राठौर क्षत्रिय समाज अध्यक्ष रामचंद्र राठौर बाबा,महामंत्री पुरन सिंह राठौर,कोषाध्यक्ष प्रमोद राठौर,जयंती चल समारोह अध्यक्ष राहुल राठौर,उपाध्यक्ष राजकुमार राठौर, ओमप्रकाश राठौर, देवेंद्र राठौर, दीपक राठौर,मनोज पहलवान, राजेश राठौर, दीपेश राठौर प्रवक्ता संजय राठौर, सह प्रवक्ता अजय राठौर,मंत्री मुकेश राठौर, राजकुमार राठौर, राजेश राठौर, अशोक राठौर, सुनील राठौर, प्रेमनारायण राठौर, भूपेंद्र राठौर, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष जितेंद्र राठौर, चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष दिलीप राठौर, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रितेश राठौर, विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रदीप राठौर, कार्यालय मंत्री संदीप राठौर, अध्यक्ष महिला मंडल सविता राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमारी राठौर, महामंत्री पुष्पलता राठौर, कोषाध्यक्ष कामिनी राठौर, युवा कोषाध्यक्ष मोंटी राठौर,युवा महामंत्री दीपांशु राठौर, कार्यकारी अध्यक्ष चेतन राठौर, युवा संगठन अध्यक्ष भानु राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजिक बंधु सम्मिलित रहे।




# आस्था के साथ व्यवसायः पार्किंग के नाम पर कुबेरेश्वर धाम समिति को साल के मिलेंगे 12 लाख

**अनुबंध के मुताबिक हर महीने ठेकेदार देगा 1 लाख**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुख्यालय के नजदीक ग्राम हेमा चितावलिया में स्थित पंडित प्रदीप मिश्रा का कुबेरेश्वर धाम पूरे देश भर में प्रसिद्ध हो गया है। पंडित प्रदीप मिश्रा के नेतृत्व में यहां साल में दो-तीन बार भव्य आयोजन होते हैं। हाल ही में अभी 6 अगस्त को भव्य कांवड़ यात्रा का भी आयोजन हुआ, जिसमें देश भर से करीब 2 लाख से अधिक श्रद्धालु आए। जबकि यहां प्रतिदिन ही श्रद्धालुओं के आने-जाने का सिलसिला बना रहता है। श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए धाम समिति द्वारा पार्किंग ठेका दिया हुआ है, जिसका अनुबंध मई महीने में हुए। वाहन पार्किंग ठेके बदले धाम समिति को प्रति महीने की 17 तारीख को 1 लाख रुपए प्राप्त होते हैं, जबकि साल के 12 लाख रुपए। हालांकि देश भर में आयोजित होने वाली कथाओं के दौरान पं. प्रदीप मिश्रा द्वारा यह आव्हान किया जाता है कि कुबेरेश्वर धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं निःशुल्क हैं। बता दें कुबेरेश्वर धाम में वाहन पार्किंग की व्यवस्था के लिए एक साल का अनुबंध किया गया है, जिससे मंदिर समिति को सालाना 12 लाख रुपये की आय होगी। यह ठेका संबंधित ठेकेदार और वि_लेश सेवा समिति के सचिव विनय मिश्रा के बीच हुआ है, जिसमें पार्किंग के शुल्क, नियम और सुरक्षा संबंधी कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। अनुबंध 17 मई 2025 से एक साल की अवधि के लिए है। ठेका संचालन बदले ठेकेदार द्वारा हर महीने 17 तारीख को 1 लाख रुपये समिति को देने होंगे, ऐसा अनुबंध में अंकित है।

### पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार की

सुरक्षा को लेकर भी कड़े नियम बनाए गए हैं। पार्किंग में खड़े किसी भी वाहन की सुरक्षा और किसी भी तरह की टूट फूट या चोरी की पूरी जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। इसके अलावा कर्मचारियों को कार्य समय में किसी भी तरह के मादक पदार्थ का सेवन न करने और वाहन मालिकों के साथ मधुर व्यवहार करने का निर्देश दिया गया है।

### धार्मिक आयोजनों के दौरान विशेष व्यवस्था

वार्षिक धार्मिक आयोजनों के समय मंदिर परिसर के अंदर की पार्किंग बंद रहेगी। इन दिनों में ठेकेदार को मंदिर के बाहर उपलब्ध पांच एकड़ जमीन का उपयोग पार्किंग के लिए करने का अधिकार होगा। कार्यक्रम खत्म होने के बाद उन्हें यह जमीन खाली करनी होगी। अनुबंध के अनुसार दोनों पक्षों द्वारा यह ठेका 15 दिन पूर्व लिखित सूचना के साथ समाप्त भी हो सकता है। इस अनुबंध में बकायदा गवाहों के हस्ताक्षर भी है।

**पार्किंग शुल्क और सुरक्षा के नियम**

इस अनुबंध में बकायदा वाहनों के शुल्क भी निर्धारित है। 100 रुपए के स्टॉम्प पर हुई लिखा पढ़ी के अनुसार पार्किंग ठेकेदार यात्री बसों से 150 रुपए ले सकेंगे, जबकि छोटी बसों से 80 रुपए, कार से 30 रुपए और बाईक से 10 रुपए ही ले सकेंगे।

# जसपाल अरोरा ने किया चल समारोह का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती के उपलक्ष्य में निकाले गए चल समारोह का स्वागत, सत्कार किया तो वहीं चल समारोह में शामिल भी हुए। सीहोर में प्रतिवर्ष राठौर समाज द्वारा यह चल समारोह निकाला जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती के अवसर पर भव्य चल समारोह निकाला गया।

इस दौरान श्री अरोरा ने चल समारोह में शामिल राठौर समाज के वरिष्ठजनों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया तो वहीं चल समारोह पर फूल भी बरसाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर एक महान योद्धा और राजपूत सेनानी थे, जिन्होंने 17वीं शताब्दी में मारवाड़ राज्य की रक्षा के लिए मुगलों के खिलाफ संघर्ष किया था। उन्हें महाराजा जसवंत सिंह की मृत्यु के बाद मारवाड़ में राठौड़ वंश को बनाए रखने का श्रेय दिया जाता है।

# एक तरफा मुकाबले में जबलपुर ने नीमच को 11-1 से हराया, जिया ने किए 5 गोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पूरे प्रदेश के प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों को मंच देने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग के पिता श्री कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार को पहला मैच जबलपुर ने नीमच को 11-1 से हराया। इस मैच में जबलपुर की स्ट्राइकर जिया ने 5 गोल किए। बुधवार को आवासीय खेल-कूद विद्यालय के प्राचार्य आलोक शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीम में भाग ले रही है इस प्रतियोगिता में पहला मैच जबलपुर विरुद्ध ईगल क्लब नीमच के मध्य खेला गया जिसमें जबलपुर 11-1 से विजय रही जबलपुर की ओर से जिया ने 5 गोल किए श्रेया रजक ने 2 गोल किए अवनी ने 1 गोल किया निधि ने 1 गोल किया पलक ने 1 गोल किया शिल्पी ने 1 गोल किया। नीमच की ओर से एकमात्र गोल गरिमा ने किया प्रतियोगिता में दूसरा मैच नेशनल क्लब इंदौर विरुद्ध श्योपुर के मध्य खेला गया जिसमें नेशनल फुटबॉल क्लब इंदौर 5-0 से विजय रही नेशनल क्लब इंदौर की ओर से अंजली शर्मा ने 4 गोल किए आकांक्षा वर्मा ने 1 गोल किया प्रतियोगिता में तीसरा मैच सरदारपुर फुटबॉल क्लब विरुद्ध सिंगरौली के मध्य खेला गया जिसमें यह मैच सरदारपुर फुटबॉल क्लब 2-0 से विजय रही सरदारपुर की ओर से सोनू ने 1 गोल किया दिव्यांशी ने 1 गोल किया इस प्रतियोगिता में कल 3 मैच खेले जाएंगे।

# बॉयफ्रेंड ने किया वीडियो वायरल, ससुराल पक्ष ने पिता से पांच लाख रुपए लिए, नवविवाहिता ने कुएं में कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शादी के महज 17 महीने बाद एक 24 वर्षीय नवविवाहिता ने आत्महत्या का रास्ता चुन लिया। परवलिया सड़क थाना क्षेत्र के ग्राम झिरनिया में हुई इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। मृतका के पास मिले सुसाइड नोट ने उसके जीवन की असल त्रासदी उजागर कर दी। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इलाके में स्थित ग्राम झिरनिया में रहने वाली 24 वर्षीय युवती के पिता खेती-किसानी का काम करते हैं। उनके तीन बेटे और दो बेटियां हैं। पिता ने अपनी 24 साल की बेटी की शादी मार्च, 2024 में सीहोर जिले के दोराहा थाना क्षेत्र में रहने वाले बबलू मीना के साथ की थी। इन दिनों मायके में ही रह रही नवविवाहिता बेटी ने 12 अगस्त की सुबह कुएं में कुदकर खुदकुशी कर ली। नवविवाहिता के पास सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट के अनुसार, मृतका की शादी से पहले गुनगा थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेरी निवासी रोशन मीना नामक युवक से दोस्ती थी। शादी के बाद रोशन ने उसकी निजी तस्वीरें और आपत्तिजनक वीडियो ससुराल वालों को भेज दीं। इस शर्मनाक हरकत ने उसकी वैवाहिक जिंदगी की नींव हिला दी।

### ससुराल का अमानवीय व्यवहार

वीडियो-फोटो देखने के बाद अक्टूबर 2024 में पति बबलू मीना, ससुर रामनारायण मीना, सास कमलेश मीना और ननद रुमा मीना ने उसे चरित्रहीन कहकर घर से निकाल दिया। मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना के बाद उसे मायके भेज दिया गया, जिससे वह गहरे अवसाद में चली गई। मायके में रह रही मृतका को वापस ससुराल भेजने के प्रयास उसके पिता ने किए। लेकिन ससुराल वालों ने शर्त रखी, उसे रखने के बदले 5 लाख रुपये चाहिए। बेटी का घर बचाने की कोशिश में पिता ने यह रकम दे दी, पर रकम लेने के बाद भी ससुराल ने दरवाजे बंद कर दिए।

### समाज में बदनामी का डर

सुसाइड नोट में मृतका ने लिखा कि इन घटनाओं से उसके परिवार की समाज में भारी बदनामी हो रही थी। चरित्र पर उंगलियां उठने, अपमान और मानसिक पीड़ा ने उसे जीने की इच्छा से वंचित कर दिया था। उसने सुसाइड नोट में सभी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच एसडीओपी ईटखेड़ी मंजु चौहान को सौंपी गई है। सुसाइड नोट जब्त कर फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। आरोपियों के खिलाफ कानूनन कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

### घटना की सुबह का मंजर

12 अगस्त की सुबह वह चुपचाप घर से निकली और गांव के पास स्थित कुएं में कूद गई। परिवार और ग्रामीणों ने शोर सुनते ही पुलिस को सूचना दी। परवलिया सड़क थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए हमीदिया अस्पताल भेज दिया। परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि मृतका का अपने पति से तलाक का मामला अदालत में विचाराधीन था। यह भी उसके मानसिक तनाव का एक कारण था। लगातार कानूनी और सामाजिक दबाव ने उसकी जिंदगी को और मुश्किल बना दिया था। गांव में इस घटना के बाद आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने इसे महिला के साथ हुई अमानवीयता का चरम बताया और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। महिला संगठनों ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करने की घोषणा की है।

### कन्या महाविद्यालय में गूंजी नशा मुक्ति की हुंकार, छात्राओं ने किया जागरूक

# नशे के दुष्परिणाम और रोकथाम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राज्य स्तरीय नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. कलिका डोलस के निर्देशन में किया गया। इस दौरान मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी लिंक के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम और रोकथाम पर आधारित सीधा प्रसारण छात्राओं, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ को दिखाया गया।कार्यक्रम के बाद महाविद्यालय परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई, जो मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः कॉलेज में समाप्त हुई। एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने रैली के दौरान राहगीरों और वाहन चालकों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया और उनसे विचार भी साझा किए।इसी क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के नोडल अधिकारी रवि विरहा ने छात्राओं को तिरंगे संग सेल्फी लेकर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया। देशभक्ति और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिनमें तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी, और तिरंगा रंगों में पारंपरिक बुनाई प्रमुख रहे। छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कला व देशभक्ति का परिचय दिया।इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ में डॉ. अनूप कुमार सिंह, डॉ. राजेश बकोरिया, लखन लाल कलेशरिया, अमिता बैरागी, बृजेश विश्वकर्मा, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. भारती सक्सेना और डॉ. मंगला रायबोले उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गरिमा सिंह परिहार, डॉ. कैलाश विश्वकर्मा और डॉ. नाजिम हुसैन ने किया। यह आयोजन न केवल नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि छात्राओं में देशप्रेम, सामाजिक जिम्मेदारी और रचनात्मकता की भावना को भी प्रबल किया।

# नाबालिग से दुष्कृत्य करने वाले को 20 साल का कारावास व अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विशेष न्यायाधीश विजय डांगी के द्वारा बुधवार को निर्णय पारित करते हुए अभियुक्त आनंद मालवीय पिता लखन मालवीय निवासी अमरपुरा सिद्दीकगंज थाना जावर को धारा 5 एल/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष के सश्रम कारावास व 25000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। विशेष लोक अभियोजक, देवेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि 21 नवंबर 24 को आरक्षी केन्द्र जावर में अभियोक्त्री के पिता ने अवयस्क अभियोक्त्री उम्र 14 वर्ष की गुमशुदगी के संबंध में सूचना दी कि 20 नवंबर 24 को अभियोक्त्री घर से सरस्वती स्कुल ग्वाली गयी थी जो शाम 6 बजे तक घर पर वापस नही आई तो फिर मैने व परिवार वालो ने स्कूल व आसपास पडोस में रिस्तेदारी में तलाश किया नही मिली। मेरी नाबालिक लडकी/अभियोक्त्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर कहीं भगा कर ले गया है। रिपोर्ट पर से अपराध क्र 365/24, धारा 87,64(2) (एम) बीएनएस 5/6 पाक्सो एक्ट का ईजाफा किया गया वाद 137 (2) भाटवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया दौराने विवेचना अभियोक्त्री को दस्तयाब कर आरोपी आनन्द पिता लखन मालवीय उम्र 20 साल निवासी अमरपुरा थाना सिटीकगंज को गिरफ्तार किया गया एवं सम्पूर्ण विवेचना पूर्ण होने के उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध न्यायालय के समक्ष अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन साक्ष्य एवं अंतिम बहस के दौरान अभियोजन के तर्को से सहमत होते हुए अभियुक्त को दोष सिद्ध पाते हुए धारा 5 एल/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 25000/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया।शासन की ओर से पैरवी देवेन्द्र सिंह ठाकुर, विशेष लोक अभियोजक आष्टा, जिला-सीहोर द्वारा की गई।

**खबर संक्षेप**

### हितग्राहियों के खाते में पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा भुगतान

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत सीहोर जिले के 24 हितग्राहियों के लिए 20-20 हजार रूपये के मान से 04 लाख 80 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि का भुगतान हितग्राहियों के खाते में पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा। राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित एक सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों में कमाने वाले व्यक्ति या मुखिया के आकस्मिक निधन पर आर्थिक सहायता प्रदान करना है। योजना के तहत हितग्राही को 20 हजार रूपये की राशि एकमुश्त दी जाती है। इस योजना के पात्रता मापदंडों के अनुसार मृतक की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा 60 वर्ष कम होना अनिवार्य है। इसके साथ ही जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई हो वह परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य रहा हो। इसके साथ साथ ही मृतक व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का सदस्य हो।

### जन अभियान परिषद ने रैली का किया आयोजन

**सीहोर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सीहोर की नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति छतरी द्वारा ग्राम पंचायत बरखेड़ा देवा एवं छतरी में हर घर तिरंगा और हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप सिंह सेंगर, विकासखंड समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद सीहोर, जगन्नाथ कोहली सरपंच ग्राम पंचायत छतरी, रेखा शाक्य प्राचार्य शा. हाईस्कूल बरखेड़ा देवा, दीनदयाल सिसोदिया प्रभारी शा.माध्यमिक विद्यालय छतरी, उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने यात्रा के उद्देश्य से सभी को अवगत कराया गया। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य अभियान के माध्यम से स्वच्छता, स्वास्थ और स्वच्छ परिवेश के प्रति नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में राकेश शर्मा नवांकुर संस्था प्रतिनिधि, प्रेम सिंह दांगी प्रस्फुटन समिति सचिव, चंद्रप्रकाश शर्मा, बलराम सिसोदिया, बालकृष्ण मीणा सचिव, मनोज चतुर्वेदी, खेमराज दांगी, महेश दास वैरागी, रतन सिंह, देवकरण वर्मा, मनीष, सोनिया, अभिलाष चंद्रवंश आदि उपस्थित थे।

## दुर्गादास राठौर जयंती पर निकले चल समारोह का जगह-जगह किया स्वागत

# हमें संस्कारों से जुड़कर अपने समाज और देश को आगे बढ़ाना हैः रायसिंह मेवाड़ा

गायत्री मंदिर से शुरू हुए चल समारोह पर जमकर हुई पुष्पवर्षा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देश व धर्म के लिए सर्वस्व बलिदान करने वालों को ही समाज में मान-सम्मान मिलता है, उन्हीं को श्रद्धा से याद किया जाता है। ऐसे ही वीर दुर्गादास राठौड़ हुए हैं, जिन्होंने मारवाड़ राज्य की रक्षा के लिए संपूर्ण जीवन लगा दिया। उनके इसी त्याग व समर्पण के लिए आज हम सब उन्हें भारत में राष्ट्र वीर के रूप में याद करते है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने राठौर समाज के आराध्य वीर शिरोमणी दुर्गादास जी राठौर की जयंती अवसर पर निकाले गए चल समारोह का स्वागत करते हुए व्यक्त किए। चल समारोह गायत्री मंदिर से प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ खंडेलवाल चौराहा पहुंचा जहां नगरपालिका द्वारा मंच बनाकर नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर राठौर, वीरेन्द्रसिंह राठौर, पार्षद तेजसिंह राठौर, हेमंत राठौर, जुगलकिशोर राठौर सहित अन्य समाज के वरिष्ठजनों का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। साथ ही दुर्गादास जी राठौर के चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना भी की।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने चल समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि वीर दुर्गादास राठौर हमारे आदर्श हैं। उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। ऐसे महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बताए मार्ग पर चलें। भारत भूमि में हमेशा से वीरों की कमी नहीं रही है। राजपूतों की बहादुरी के किस्से पूरे राजस्थान की आन-बान-शान हैं। इन्हीं वीरों में से दुर्गादास राठौड़ भी थे, जिन्होंने औरंगजेब की नाक में दम दिया। उन्होंने न सिर्फ मुगलों को



कई बार धूल चटाई, बल्कि मेवाड़.और मारवाड़ में संधि करवाकर हिंदू एकता पर भी बल दिया। आज के समय में हमें संस्कारों से जुड़कर अपने समाज और देश को आगे बढ़ाना है। हमारे पूर्वजों ने कष्ट कहते हुए भी कभी समाज का मान कम नहीं होने दिया। इस धरा की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। ऐसे महापुरुषों से हमें प्रेरणा लेने की



जरूरत है। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, पार्षद कमलेश जैन, डॉ. सलीम खान, रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, तारा कटारिया, तेजपाल मुकाती, भाजपा नेता सोनू गुणवान, उमेश शर्मा, मनीष धारवां, युवा अभिभाषक पत्रकार अक्षत पाठक, कुमेरसिंह मिट्टूपुरा, दिलीप वशिष्ट, कुशलपाल लाला आदि मौजूद थे।

# आज हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता के तहत नगर में निकलेगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

नगर में आज भव्य विशाल तिरंगा रैली निकाली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षैत्रिय विधायक रमाकांत भागर्व, कार्तिकेय चौहान, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा के साथ नगर सहित क्षेत्रवासी सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि शामिल होकर हाथों में तिरंगा लिए नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सांदीपनी स्कूल प्रांगण में पहुंचेगी। जहां यात्रा का समापन होंगा। तिरंगा यात्रा की शुरुआत कृषि उपज मंडी से दोपहर 1बजे होंगी। जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सांदीपनी स्कूल प्रांगण में पहुंचेगी जहां यात्रा का समापन किया जाएगा। नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर में विशाल तिरंगा रैली निकाली जाएगी। इस रैली में बड़ी संख्या में मातृशक्तिया युवाओं सहित क्षेत्रवासियों शामिल होने का आह्वाहन किया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य देशवासियों में तिरंगे के बारे में जागरूकता पैदा कर देशभक्ति की भावना जागृत करना है। हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत अपने-अपने घरों पर झंडा लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ताओं से तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की गई है।

### रैली से दिया देशभक्ति का संदेश



**भैरूंदा।** आजादी के अमृत महोत्सव और हर घर तिरंगा अभियान थाना गोपालपुर क्षेत्र अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एसडीओपी भैरूंदा एसएचओ महेन्द्र गौंड, उपनिरीक्षक लवेश मालवीय के नेतृत्व व मार्गदर्शन में ग्राम गोपालपुर सरपंच प्रति निधि जीतू शर्मा, उपसरपंच राजेश गहलोत, प्रशासनिक अधिकारियों-कर्मचारियों, बीवीएम स्कूल, मां नर्मदा देवी ममेमोरियल स्कूल, शा.उ.मा. विद्यालय, शासकीय कॉलेज द्वारा संयुक्त एक विशाल तिरंगा रैली निकालकर देशभक्ति का संदेश दिया। हर घर तिरंगा रैली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, से प्रारंभ होकर कस्बा के विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः वापस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समाप्त हुई। समापन पर सभी उपस्थित छात्र छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता और देशभक्ति का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में लगभग 500-600 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए।

# दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेच, 30 जोड़ों में हुई कुश्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

गंज स्थित राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर पार्क में राठौर क्षत्रिय समाज के द्वारा राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दंगल के दौरान कुश्ती लड़ रहे पहलवानों का शहर के पुराने बुजुर्ग पहलवानों के द्वारा उत्साह प्रदान किया गया। राष्ट्रीय वीर दुर्गादास राठौर जयंती के उपलक्ष में आयोजित दंगल में शहर सहित 15 जिलों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। दंगल प्रतियोगिता के दौरान 30 जोड़ों के बीच तगड़ा मुकाबला हुआ। पहलवानों ने मिट्टी पर प्रतिद्वंदी को चित करने के लिए दावपेज दिखाएं। कार्यक्रम के दौरान अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती भी सम्मिलित हुए। समाज अध्यक्ष रामचंद्र राठौर, महामंत्री डॉ. पूरन सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष प्रमोद राठौर और जयंती अध्यक्ष राहुल राठौर के द्वारा हनुमान महाराज और वीर दुर्गादास राठौर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिता के अंत में विजेता पहलवानों को शाल श्रीफल शील्ड और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। दंगल के दौरान बड़ी संख्या में कुश्ती प्रेमी नागरिक मौजूद रहे।

# रैली में बच्चों के साथ शिक्षक जनप्रतिनिधि हुए शामिल






हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

लाड़कई में स्कूली बच्चों के साथ शिक्षकों,जनप्रतिनिधि ने तिरंगा रैली निकाली गई। इस रैली बड़ी संख्या में शामिल स्कूली बच्चों और शिक्षक सहित कई स्थानीय लोग शामिल हुए। इस रैली एक उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रदेश में 2 से 15 अगस्त तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता,अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत तहसील भैरुंदा के स्कूलों में रंगोली, चित्रकला, मानव श्रृंखला, रैली जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। ताकि बच्चों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। साथ ही जिले के सभी पंचायत भवनों, सामुदायिक स्वच्छता परिसरों, शासकीय एवं प्रशासकीय कार्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत भैरुंदा क्षेत्र के स्कूलों ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान विशाल और भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन मीणा, जितेंद्र गौड, श्याम सिंह ठाकुर, श्रीराम यादव, अनिता श्रीवास्तव, सुरेश माहेश्वरी, अशोक यादव, स्वरूप सिंह बनवारी, अनूप सिंह ठाकुर, बाबूलाल ठाकुर, रूपनारायण वर्मा, अमरसिंह मीणा, जगदीश मीणा, रितेश ठाकुर, नानसिंह बारेला शोभाराम शामले, गोलू ठाकुर, हरिओम प्रजापति, निलेश दरबार, अनिरुद्ध मीणा, लूनू भाटी, जयनारायण बारेला,कमलेश शर्मा, दीपक माहेश्वरी, राजकुमार बारेला, राजकुमार यादव, अखलाक खान, अमित यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और शासकीय अशासकीय स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का वार्षिक कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के जिला संस्थान में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्था द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों को लेकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सीहोर जिले के तीन विकासखंड बुधनी, भैरुंदा, सीहोर में फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे शिक्षकों के पेशेवर विकास संबधी कार्यों पर चर्चा हुई। विगत अकादमिक वर्ष 2024-25 में निपुण शिक्षण कार्यक्रम के तहत प्राथमिक शिक्षकों के साथ कक्षा शिक्षण, डेमो कक्षाओं व शैक्षिक संवाद व माध्यमिक शिक्षकों के साथ किए गए विभिन्न कार्यों को उल्लेखित गया। शाला पूर्व शिक्षा के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ किए जा रहे अकादमिक प्रयासों को भी साझा किया गया। युवाओं के साथ संस्था के काम जिनमें समाज में सृजनात्मक योगदानए संवैधानिक मूल्यों की समझए तथा परिवेश में सकारात्मक बदलाव लाने पर किए जा रहे प्रयासों को भी प्रस्तुत किया गया। आमंत्रित पदाधिकारियों को सूचित किया गया कि 2024-25 में प्रदेश की 18000 से अधिक छात्राओं को छात्रवृत्ति प्राप्त हुई। जिसमें सीहोर जिले की 832 छात्राएं शामिल हैं। योजना का उद्देश्य सरकारी स्कूलों से स्कूली शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहीं छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है।

### तिरंगा बाइक रैली में हेलमेट लगाकर विधायक ने दिया सुरक्षा का संदेश



**सीहोर।** विधायक सुदेश राय हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शहर में निकाली गई बाइक रैली में हेलमेट लगाकर बुलेट पर सवार दिखाई दिए। बाइक रैली के दौरान जहां विधायक सुदेश राय ने तिरंगा लहराया तो वहीं उन्होंने तेज रफ्तार बाइक चलाने वाले नवयुवकों को सुरक्षा के लिए सर पर हेलमेट लगाने का संदेश दिया। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा, हर दिल में भारत अभियान चलाया जा रहा है। तिरंगा अभियान के तहत आयोजित वृहद बाइक रैली एवं तिरंगा यात्रा में विधायक सुदेश राय ने शामिल होकर राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया और एकता समरसता के साथ बाइक चलाने वालों को हेलमेट लगाकर सुरक्षित सफर करने का संदेश भी दिया। बाइक रैली में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और नव युवक शामिल रहे।

## शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में लगा रोजगार मेला

# रोजगार मेले में 225 आवेदकों का प्राथमिक चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया। विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिस राठौर तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने इस रोजगार मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक सुदेश राय तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश में शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में निरंतर कार्य हो रहा है। विधायक राय, नगर पालिका अध्यक्ष राठौर एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण भी किया। रोजगार मेले में 324 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया तथा 10 कंपनियों द्वारा 225 युवाओं को प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में स्वरोजगार विभागों द्वारा 12 हितग्राहियों के 20 लाख रूपये राशि के प्रकरण स्वीकृत कर प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवेदकों का मेडिकल परीक्षण किया गया। परामर्शदाता द्वारा आवेदकों की काउंसलिंग भी की गई। रोजगार मेले में दौलत चौधरी, लीड बैंक अधिकारी जयदीप भट्टाचार्य, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, आईटीआई प्राचार्य प्रकाश सिंह उइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। यह रोजगार मेला अपने आप में एक विशेष रोजगार मेला रहा। इस रोजगार मेले में सिर्फ रोजगार के अवसर ही नहीं बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व विकास पर भी जोर दिया गया। रोजगार मेले में आईटीसी के हेड ऑफ एचआर अमित शर्मा द्वारा पर्सनैलिटी डेवलपमेंट सेशन आयोजित किया गया, जिसमे युवाओं को सॉफ्ट स्किल संचार क्षमता एवं आत्मविश्वास बढ़ाने के टिप्स दिए गए। यह पहल युवाओं को केवल नौकरी के लिए बल्कि जीवन में भी सफल होने के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# भारत माता की जय के साथ विधायक के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



नगर में आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 13 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा तहसील कार्यालय से शुरू होकर गांधी चौक तक निकाली गई जिसमें युवाओं ने भारत माता की जय के नारे लगाए। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि हमें आजादी का महत्व समझना चाहिए और तिरंगे का हमेशा सम्मान करना चाहिए। यह तिरंगा देश के गौरव का प्रतीक है।इस दौरान सैकड़ों युवा पैदल व मोटरसाइकिल पर सवार होकर हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के द्वारा सभी नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई के साथ शुभकामना संदेश देते हुए यह भी कहा कि लाखों कुर्बानियों के बाद हमें यह आजादी मिली है। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा हमारे देश के मान, सम्मान और गौरव का प्रतीक है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य द्वारा भी इस अवसर पर कहा गया कि हमें अपने देश के उन जवानों और शहीदों को भी नमन करना चाहिए, जो सजगता के साथ सीमा पर डटे हैं। जिन्होंने देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी। हमें इस तिरंगे झंडे और अपने देश की पहचान को हमेशा ऊंचा रखना है। क्योंकि राष्ट्रीय हित से अधिक महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य, उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, कल्याण सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष जयसिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र केशव, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, पार्षद संजय अजमेरा, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, मदन विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, हरेंद्र विश्वकर्मा, राजा ठाकुर, वीणा जोशी, धर्मेन्द्र मालवीय, गब्बर ठाकुर, समस्त वार्डो के पार्षदगण एवं तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा, थाना प्रभारी नीता देअरवाल , मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश कुमार सोनी सहित समस्त शासकीय अशासकीय संस्थान के स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिका गण उपस्थित थे तथा समस्त नगर परिषद स्टाफ उपस्थित रहा।

### स्कूल में शिक्षकों की आपसी खींचतान का नतीजा, प्लानिंग से बनाया वीडियो

# जब पीएमश्री स्कूल की स्मार्ट क्लास में सीनियर छात्रों के सामने चली पॉर्न मूवी!

## *जब वीडियो बनाया गया तब स्मार्ट क्लास में नहीं था कोई शिक्षक, वायरल हुआ वीडियो*

## *आज जांच करने स्कूल पहुंचेगा जांच दल, शिक्षाधिकारी को देगा अपनी रिपोर्ट*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

पीएमश्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया के बताए जाने वाले पोर्न वीडियो ने जिले के शिक्षा जगत को शर्मसार करते हुए एक बार फिर कटघरे में लाकर खड़ा कर दिया है। स्कूल शिक्षकों की मनमानी और लापरवाही के चलते नाबालिग मानसिकता रखने वाले छात्रों पर इस घटना का विपरीत असर पडेगा।

वायरल हो रहा वीडियों पुराना बताया जा रहा है परंतु इस पर अभी तक संबंधित प्राचार्य द्वारा कोई कार्रवाई न करना जरूर उनकी छात्रों के प्रति जबाबदेही पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। क्यों प्राचार्य ने शिक्षा विभाग से लेकर पुलिस को इसके बारे में समय पर सूचित नहीं करा। जिससे समय पर जांच




हो जाती और अपराधीयों को इस षडयंत्र की सजा भी मिल जाती।

### पीएमश्री प्राचार्य हेमंत बोले यह पुराना वीडियो है

इसके बारे में जब प्राचार्य हेमंत यादव से बात की गई और मामले की सच्चाई जानना चाही तो प्राचार्य ने इसको खुद के कार्यकाल का न बताते हुए इसे पूर्व को होना बताया तो क्या पूर्व में हुई लापरवाही और स्कूल को बदनाम करने की साजिश की सजा किसी को नहीं मिलेगी। अब जब बात आगे बडी तो मामला पुलिस एवं विभाग के संज्ञान मे पहुंच गया है और हडकंप मचा हुआ है।

### बाई-फाई और एप से चलने वाली स्मार्ट टीवी की कमान कैसे पहुंची छात्रों के हाथ

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वीडियों की खासियत यही है कि जब इसको सूट किया गया तब वहां पर कोई शिक्षक उपस्थित था फिर किसने मोबाइल में बाईफाई का पासबर्ड डाला और अस्लील वीडियों प्ले कर दिया। यह जांच का विषय है यदि यह स्कूल हो या किसी शिक्षक को अपमानित करने के उद्देश्य से किया गया है तो संबंधित पर कडी कार्रवाई होना चाहिए।

**इनका कहना है-**

बहुत ही शर्मनाक घटना है हमने जांच दल बना दिया है आज ही दल वहां जाएगा और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

करण सिंह भिलाला, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़

### सारंगपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# डकैती की योजना बनाते हुए 14 लोगों को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



थाना सारंगपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे 14 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस को 11 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नेशनल हाईवे टेंचिंग ग्राउंड सारंगपुर के समीप कुछ संदिग्ध लोग हथियारों से लैस होकर वारदात की योजना बना रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के निर्देशन में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर दबिश दी, जहां 10-15 लोग बैठे शराब पीते और डकैती की योजना बनाते मिले।

पुलिस ने घेराबंदी कर 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 13 लोग शाजापुर जिले के और एक देवास जिले का निवासी है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे तारागंज रोड पर बने पेट्रोल पंप को लूटने की योजना बना रहे थे। मौके से पुलिस ने धारदार चाकू, टामी, स्टील का बका समेत अन्य सामान बरामद किया। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 310(4), 310(5) बीएनपीएस एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने इनके आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी अन्य थानों को भी भेजी है।

**गिरफ्तार आरोपियों में प्रमुख नाम**

प्रमोद शाजापुर, जितेंद्र शाजापुर, सचिन शाजापुर, करूण सिंह शाजापुर, मनीष शाजापुर, पप्पू शाजापुर, पप्पू शाजापुर, मायाराम शाजापुर, देवी शाजापुर, अजय शाजापुर, सोनू शाजापुर, कपिल शाजापुर, पिंटू शाजापुर, भोजराज शाजापुर इस कार्यवाही में उनि अमित त्यागी, उनि जीएस परस्ते, उनि भंवर सिंह भूरिया, उनि मनोहर सिंह ठाकुर, सउनि आनंदी लाल भिलाला, सउनि रवि प्रताप बिमल, सउनि जमना प्रसाद, सउनि हरिनारायण यादव, प्र आरक्षक सूरज चावरिया, मोईन, नवीन राजपूत, दीपक, धर्मेन्द्र, शिव दांगी, राजवीर, आर चालक गजेन्द्र राठौड की भूमिका रही।

# विभागों से सेवानिवृत्त 43 पेंशनरों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

## सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रदान किए पीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

गत जुलाई माह में जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत 43 कर्मचारी 62 वर्ष की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए हैं। मंगलवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने इन सभी कर्मचारियों को शॉल, श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया साथ ही उन्हें पीपीओ, जीपीओ प्रदान किए गए। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पेशनरों दारा उनके सेवाकाल में की गई सेवाओं की सराहना की। समय पर पीपीओ बनाये जाने एवं समस्याओं का समय पर निराकरण किये जाने के चलते पेंशन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की भी सराहना की गई। जिला पेंशन अधिकारी संदीप दुबे ने बताया कि सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के विभिन्न देयकों का भुगतान कर दिया गया है वहीं कुछ कर्मचारियों के देयक भुगतान हेतु प्रचलन में हैं। सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों में पवन विजयवर्गीय, डॉ. रूपसिंह परिहार, कुमार नासिर जहां, रामगोपाल नरेडा, भगवान सिंह मीणा, दीपक राव ईग्ले, भैरूलाल श्रीलाल, बापूलाल वर्मा, प्रकाश



नारायण सोनी, सालिग राम पालीवाल, देवकरण वर्मा, हरिप्रसाद वर्मा, बापूलाल रूहेला, सिद्धूलाल लववंशी, उर्मिला सिसोदिया, हरिओम मिश्रा, बापूलाल जाटव, दिनेश कुमार पाठक, किरण चन्द्र सक्सेना, प्रमिला विजय, रामचन्द्र वर्मा, रंजना खरे, मुबारिक खान, जाहिद उल्लादह, अरूण सक्सेना, राजाराम मालवीय, मधुलता शर्मा, जगदीश प्रसाद लुहार, सिंघनाथ वर्मा, देवचन्द्रा दांगी, रमेश चन्द्र पंवार, चंद्रशेखर वर्मा, हरिराम वर्मा, मोहनलाल स्वर्णकार, हरेन्द्र सिंह खिंची, मोहन मुरारी शर्मा, चंद्रकांत दवे, श्यामबाबू, जगदीश चन्द्र कोली, रघुनंदन शर्मा, अमृतलाल, नन्द किशोर एवं अनोखीलाल राठौर उपस्थित रहे शामिल हैं।

# बीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने हासिल की उपलब्धि



**ब्यावरा।** नगर की अग्रणी शैक्षणिक संस्था ब्यावरा पब्लिक स्कूल के लिए 12 अगस्त का दिन बहुत विशेष रहा । संस्था को एक ही दिन में दो विशेष खेल उपलब्धि हासिल हुई हैं । पहली संस्था की कक्षा 9 की छात्रा शिवानी दाँगी का चयन जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता हेतु हुआ । छात्रा ने इंटर स्कूल प्रतियोगिता में प्रोगेसिव हाइट्स की प्रतियोगी को हरा कर जिला स्तर में अपनी जगह बनाई है । दूसरी और सबसे अहम उपलब्धि संस्था के दो छात्रों ज्योतिराज प्रजापति और हरिओम प्रजापति का राज्य खेल अकादमी में प्रशिक्षण हेतु चयन रहा । ज्ञात हो कि दोनों ही छात्र इसके पूर्व ब्लाक से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक संस्था और परिवार का नाम रोशन कर चुके हैं । तथा साथ ही हाल फिलहाल में दोनों छात्रों का चयन अंतर्राष्ट्रीय ट्रायल हेतु भी हुआ है । दोनों ही छात्र अब आगे के प्रशिक्षण हेतु राज्य खेल अकादमी में रहेंगे । जहां उन्हें ए ग्रेड श्रेणी की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। छात्र -छात्रों की इस सफलता पर संस्था समिति अध्यक्ष आर एस राजपूत , समिति सदस्य कृष्णा भदौरिया, मन्जू गुप्ता, सुमित्रा भट्ट एवं संस्था प्राचार्य एस के जैन तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की।

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री का विरोध, गृहमंत्री को लिखा पत्र

## ई-कामर्स कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इन दिनों देश में ई-कामर्स कंपनियों द्वारा विभिन्न तरह के सामानों एवं उत्पादों को ऑनलाईन तरीके से आमजनों के घरों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में कुछ कंपनियों ने दवाईयों को भी ऑनलाईन बेचना शुरू कर दिया है। इसी के विरोध में अखिल भारतीय केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठन ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखते हुए दवाईयों की ऑनलाईन बिक्री को पूरी तरह प्रतिबंधित कर संबंधित ई-कामर्स कंपनियों पर कार्यवाही करने की मांग की है।

राजगढ़ दवा विक्रेता संघ जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं सचिव गिरिराज गुप्ता ने बताया कि ऑनलाईन दवा के प्रचलन से देश में नशीली दवाओं के दुरुपयोग में 55 फीसदी की वृद्धि हुई है। अवैध ई-फार्मेसी एवं क्विक कामर्स प्लेटफार्म वाली कंपनियां जैसे जेप्टो, ब्लिकिट आदि बगैर चिकित्सकीय पर्चे के जिले समेत देशभर में ऑनलाईन दवाएं सप्लाई करने में लगी हुई हैं। नशीली दवाओं की आसानी से उपलब्धता के कारण उनका दुरुपयोग हो रहा है और युवा



पीढ़ी नशे का शिकार होती जा रही है।

**पत्र में यह भी किया उल्लेख**

दवा विक्रेता संघ द्वारा गृहमंत्री को लिखे गए उक्त पत्र में यह भी उल्लेख है कि विदेशी वित्त पोषित स्टार्टअप दवाओं को सामान्य वस्तुओं की तरह लोग इस्तेमाल कर रहे हैं जिससे देश के सकल घरैलू बाजार को नुकसान पहुंच रहा है। इसके साथ ही ऑफलाईन दवा विक्रेताओं पर शासन और सरकार सख्त नियंत्रण रखती है वहीं इन ऑनलाईन कंपनियों के विक्रेताओं पर सरकार का कोई अंकुश नहीं रह गया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में जिला स्तरीय गतका प्रतियोगिता हुई

## राजगढ़, नरसिंहगढ़, ब्यावरा व सारंगपुर से 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया

**ब्यावरा।** शहर से विवेकानंद स्कूल, मानस स्कूल और सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती शिशु मंदिर राजगढ़ के चयनित प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के 11 खिलाड़यीं का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। चयनित खिलाड़यीं में अवनीश नायक, महेंद्र यादव, हर्ष लववंशी, रघुवीर धनगर, कार्तिक विश्कर्मा, अरविंद दांगी, धर्मेंद्र साहू, नैना शर्मा, पायल मैहर, पायल वर्मा और पूर्ति मेवाडे शामिल हैं। ये सभी खिलाड़ी 18-19 अगस्त को भोपाल में होने वाली संभागीय प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय समिति के सह सचिव मुकेश सेन ने खिलाड़ियों को गतका खेल और शारीरिक गतिविधियों के महत्व के बारे में जानकारी



दी। विद्यालय प्राचार्य राजीव यादव ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर शालेय क्रीड़ा के संगठन सचिव देवेंद्र सक्सेना, वरिष्ठ आचार्य गजेंद्र झाला, खेल शिक्षक अंकित विश्वकर्मा, धर्मराज दांगी, हर्षित वर्मा, आयुष मेवाडे, खेल शिक्षिका विद्या चैहान और किशन बैरागी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### शिव मंडल के सदस्य प्रतिदिन समय पर एक पाठ पढ़ते हैं

# त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर पर 84 वर्षों से श्रावण में निरंतर जारी है रामायण पारायण

**जीरापुर।** होल्कर स्टेट में देवी अहिल्याबाई द्वारा निर्मित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल त्रयंम्बकेश्वर महादेव मंदिर शिव चैक में विगत 84 वर्षों से रामायण पारायण पाठ का भव्य आयोजन होता आ रहा है। श्रावण मास में आयोजित इस रामायण पारायण में शिव मण्डल के सदस्य प्रतिदिन समय पर आकर रामायण का एक पाठ पढ़ते हैं तीस दिन उपरांत दो दिवसीय आयोजन जिसमें प्रथम दिवस सत्यनारायण भगवान की कथा पं. सुरेश बिहारी जी नागर के मुखारविंद से श्रद्धालु भक्तों को श्रवण करवाई जाती है तथा द्वितीय दिवस भगवान त्रयंम्बकेश्वर महादेव की पालकी भव्यता से नगर भ्रमण पर निकाली जाती है।जिसमें विभिन्न झांकीयां सजाकर धुमधाम से मां शारदा कीर्तन मण्डल एवं बजरंग भजन मण्डल के कलाकारों द्वारा भगवान के भजनों पर झूमते गाते बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त चलते हैं।

पालकी के साथ नन्दी, शिवलिंग, शिव-परिवार की झांकी रहती है वहीं नगर के चैपड़ा बाजार , बुधवारिया बाजार, जवाहर चैक, इंदर चैराहा, स्वामी विवेकानंद चोराहा ,बस स्टैंड ,गांधी बस्ती, भावसार मोहल्ला ,शाहजी मोहल्ला से मंदिर परिसर पहुंचती है मध्य रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर पालकी का स्वागत किया जाता है एवं महादेव कि पुजा अर्चना करके श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त करते है। इस दौरान घोड़े पर सवार होकर ध्वज धारण कर पं.रामेश्वरदयाल तिवारी एडवोकेट चल रहे थे। मंदिर पर रामायण पारायण पूर्णाहुति पर पं. स्वप्निल व्यास एवं पं. अजय शर्मा द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार कर हवन में आहुतियां दिलवाई गई। मेडतवाल समाज धर्मशाला मे भण्ड़ारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों महिला पुरुष युवाओं ने महाप्रसादी ग्रहण की।

### विद्यालय को स्वच्छ बनाए रखने का लिया संकल्प

**सुठालिया।** मंगलवार को स्वच्छ सुजल गांव संकल्प के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक, शिक्षिकाओं ने छात्राओं के साथ शपथ एवं संकल्प लिया गया कि हम सभी मिलकर अपने विद्यालय, गांव ,शहर और देश को स्वच्छ बनाएंगे एवं विकसित भारत 2047 के निर्माण में अपना अमूल योगदान देंगे। संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर ने छात्राओं को इस कार्यक्रम एवं स्वच्छता के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक छात्राए उपस्थित रहे।

### बाल्मीकि समाज ने निकाली छड़ी यात्रा

**कुरवाई।** बाल्मीकि समाज द्वारा रविवार को जाहरवीर गोगा जी महाराज की छड़ी निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा माता बाग मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई जाहरवीर गोगा जी महाराज के मंदिर पर समापन हुई। यात्रा में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे ने शामिल होकर छड़ी निशान की पूजा-अर्चना की।

### चिकित्सक नहीं होते उपलब्ध

# पशु चिकित्सा के दफ्तर के सामने गायों के शव रखकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर सहित जिले के विभिन्न आंतरिक मार्गों एवं हाईवे पर निरीह गोवंश हादसे का शिकार हो रहे हैं। प्रशासन द्वारा इन गोवंश के ठोर-ठिकाने हेतु उचित व्यवस्था न किए जाने के चलते प्रतिदिन अनेकों गायें दम तोड़ रही हैं। गोसेवकों द्वारा बीमारों गायों के उपचार हेतु जब पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टरों को फोन लगाया जाता है तो वे भी उपलब्ध नहीं हो पाते हैं। इसी बात से आक्रोषित नगर के गौ-सेवकों ने मंगलवार दोपहर दुर्घटना में मृत गायों के शवों को पशु चिकित्सा विभाग के दफ्तर के ठीक सामने रखकर काफी समय तक नारेबाजी की। गोसेवकों सहित युवाओं ने आरोप लगाया कि बीमार एवं घायल गायों सहित अन्य मवेशियों के उपचार के लिए पशु चिकित्सकों को बुलाने पर वे आते ही नहीं है। इसके साथ ही पशु चिकित्सकों द्वारा कई बार फोन तक रिसीव नहीं किया जाता है। गोसेवकों द्वारा निरीह गौवंश की रक्षा एवं उपचार हेतु काफी समय तक किए गए प्रदर्शन के उपरान्त विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पशु चिकित्सालय में दो डॉक्टर दिन एवं रात की अलग-अलग शिफ्टों में चैबीस घंटे उपलब्ध मिलेंगे।

### निज निवास पर फहराया राष्ट्रध्वज

# हर घर तिरंगा अभियान में पंवार ने की सहभागिता



**ब्यावरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चल रहे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार ने मंगलवार को ब्यावरा स्थित अपने निज निवास पर राष्ट्रध्वज फहराया। मंत्री पंवार ने कहा कि यह अभियान प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति की भावना को प्रबल करने के साथ-साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान के प्रति समर्पण का संदेश देता है। तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, यह हमारी एकता, सम्मान और गर्व का अमर प्रतीक है। इसकी शान हमेशा ऊंची रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने घर, कार्यालय, मंदिर या अन्य पवित्र स्थलों पर तिरंगा फहराएं और उसके साथ सेल्फी लेकर अपलोड करें। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजू यादव, मंडल महामंत्री सुमित सोलंकी, राधे दांगी,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गिर्राज लववंशी, बनवारी कुशवाहा, गगन चैहान,भारत मोंगिया,सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के तहत प्रशासनिक अमले ने निकाली रैली



**सारंगपुर।** हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को प्रशासनिक अमले ने नगर में बाइक रैली निकाली, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री ज्योति सुनहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रातः नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 01 स्थित खानगा फिल्टर प्लांट पर जलप्रदाय कर्मचारियों के साथ मिलकर साफ-सफाई कार्य कराया। इसके पश्चात निकाय परिसर की सफाई उपरांत अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ तिरंगा बाइक रैली का शुभारंभ किया गया। बाइक रैली थाना परिसर पहुंची, जहां पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल,एसडीओपी अरविंद्र सिंह,थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा,नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पार्षद सहित नगरीय निकाय, पुलिस एवं राजस्व विभाग के संयुक्त अमले ने थाना, न्यायालय, एसडीएम एवं तहसील परिसर में सफाई अभियान चलाया। संयुक्त रूप से आयोजित तिरंगा बाइक रैली थाना परिसर से शुरू होकर एसडीएम निवास चैराहा, अस्पताल रोड, बागकुंआ टंकी, रंगेरवाड़ी, सदर बाजार, गांधी चैक, जोशी दवाखाना और बस स्टैंड रोड होते हुए पुनः थाना परिसर में संपन्न हुई।

### पूर्व विधायक कलेक्टर से मिले

# किसानों ने जितना प्रीमियम भरा उतनी भी नहीं मिली बीमा राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



रबी सीजन वर्ष 2023-24, खरीफ सीजन 2024 एवं रबी सीजन 2024-25 में विभिन्न कारणों से जिले के हजारों किसानों की फसलें बर्बाद हुई थीं। उक्त बर्बाद फसलों के कारण किसानों को हुए नुकसान का आंकलन करने के उपरान्त सोमवार को प्रभावित किसानों के खातों में पहली किश्त के रूप में 21 करोड़ 68 लाख रुपए की फसल बीमा राशि शासन द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। किसानों को उम्मीद थी कि उन्हें जितना नुकसान हुआ है उतनी ही राशि बीमा कंपनी द्वारा दी जाएगी लेकिन अनेकों किसान ऐसे हैं जिनके खातों में उतनी राशि भी नहीं है जितना की उन्होंने फसल बीमे हेतु प्रीमियम राशि जमा की थी। किसानों के साथ हुए इस अन्याय को लेकर पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने मंगलवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा से भेंट करते हुए समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कलेक्टर को सौंपे पत्र में उल्लेख किया कि फसल बीमे की राशि से अनेकों पात्र किसान वंचित रह गए हैं। इसके साथ ही जिन किसानों के खातों में राशि डाली गई है उससे ज्यादा तो किसानों का प्रीमियम काट लिया गया। पूर्व विधायक श्री तंवर ने कलेक्टर से मांग की है कि फसल बीमा राशि के वितरण में हुई इस विसंगति की जांच करवाते हुए किसानों को हुए वास्तविक नुकसान जितनी राशि दिलवाई जाए।

**खबर संक्षेप**

## विधार्थियों के लिए निशुल्क टैली प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शा. स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सीहोर में संचालित स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा युवाओं को स्वरोजगार एवं वित्तीय साक्षरता की दिशा में सक्षम बनाने हेतु योजना क्रमांक 7851 के अंतर्गत 30 कार्य दिवसीय ₹टैली प्रशिक्षण कार्यक्रम₹ का आयोजन दिनांक 11 अगस्त 2025 से प्रारंभ किया गया है। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों को एमिनेंस कंप्यूटराइज्ड एकाउंटिंग सलूशन के ट्रेनर श्री बलराम राठौर द्वारा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस उद्घाटन सत्र मे महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गणेश लाल जैन ने बताया कि यह प्रशिक्षण विशेष रूप से वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है, ताकि वे अकाउंटिंग, बुक कीपिंग एवं जीएसटी आदि के व्यावहारिक ज्ञान में दक्ष बन सकें। कार्यक्रम की संयोजक एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की टी.पी.ओ. डॉ. हुमा अख्तर ने बताया कि इस प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को टैली ERP 9 / टैली प्राइम सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर खाते बनाने, वाउचर एंट्री, जीएसटी प्रबंधन, बैलेंस शीट निर्माण जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी जाएंगी।एनिमेंस कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग सोल्यूशन के डायरेक्टर श्री आशिफ कुरैशी द्वारा 30 दिवसीय प्रशिक्षण की रूपरेखा बताई गई साथ ही प्रशिक्षण के पश्चात विभिन्न संस्थानों में रोजगार उपलब्ध कराए जाने के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. शीलचंद्र गुप्ता एवं डॉ. आमिर एजाज़ ,सहायक प्राध्यापक डॉ. मौली थॉमस, सहायक प्राध्यापक एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष विनय मणि त्रिपाठी स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के समिति सदस्य डॉ. अजयपाल प्रजापति, डॉ. दीपक बकोरिया एवं सलोनी वाक्तरिया इत्यादि एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

### शहर में तिरंगा यात्रा निकालकर छात्र-छात्राओं ने ली स्वच्छता की शपथ

# प्रचार-प्रसार के अभाव में कम पहुंचे लोग अधिकारी-कर्मचारी भी रैली से रहे नदारद

### सीएम राइज स्कूल से शुरू हुई विशाल तिरंगा यात्रा नगर के मार्गों से गुजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश सहित संपूर्ण प्रदेश में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत देश भर में तिरंगा रैलियां निकाली जा रही हैं। इसी कड़ी में नगरपालिका के नेतृत्व में 10 बजे सीएम राइज स्कूल से विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें प्रशासनिक अधिकारी ,जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी शामिल हुए। यह जरूर है कि आज की तिरंगा यात्रा रैली में प्रचार प्रसार के अभाव में संख्या काफी कम रही क्योंकि शहर वासियों को ही जानकारी नहीं थी कि आज तिरंगा रैली निकलने वाली है साथ ही शहर के कई विभागों के अधिकारी ,कर्मचारी ही शामिल नहीं हुए तो आम नागरिकों की क्या बात की जाए वहां तो अच्छा हुआ कि संदीपनी सीएम राइस स्कूल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अच्छी रही।

तिरंगा रैली का समय 9 बजे निर्धारित किया गया था लेकिन 10 बजे तिरंगा रैली शुरू हो सकी। तिरंगा रैली 10 बजे शासकीय सीएम राइज स्कूल से नया बसस्टैंड, सिविल अस्पताल रोड़, बुधवारा, श्रीराम मंदिर होते हुए शास्त्री कॉलोनी मुख्य मार्ग से कन्नौद रोड़ होते हुए पुनः सीएम राइज स्कूल पहुंची जहां रैली का समापन हुआ। बता दें कि नागरिकों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में 2 से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के स्कूलों में चित्रकला, निबंध, रैली और रंगोली जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, ताकि बच्चों में देशभक्ति और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। इसके साथ ही जिले के सभी ग्राम पंचायत भवनों, सामुदायिक स्वच्छता परिसरों, शासकीय कार्यालयों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अभियान के तहत 13 अगस्त को आष्टा ब्लॉक में अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। सभी नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, स्कूलों सहित अनेक स्थानों पर तिरंगा रैली, मानव श्रृंखला, तिरंगा प्रश्नोत्तरी, तिरंगा शपथ, तिरंगा रंगोली, स्वच्छता संवाद, स्वच्छता शपथ, संस्थागत स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों में अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक और स्कूली बच्चे शामिल हुए।

#### तिरंगा रैली में यह भी रहे मौजूद

तिरंगा रैली में प्रमुख रूप से एसडीएम नितिन कुमार टाले, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, एसडीओपी आकाश अमलकर ,हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, संदीपनी सीएम राइस स्कूल के प्राचार्य सीतवत खान, खान, नगर निरीक्षक गिरीश दुबे , धनरूपमल जैन सहित बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षकगण, विद्यार्थी शामिल हुए।

## देश भक्ति का संचार करती हुई निकली कोठरी में तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



मंगलवार को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत नगर कोठरी में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, आष्टा एसडीएम नितिन टाले, कोठरी सीएमओ नरेंद्र जाटव , शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य तिर्की मैडम नगर परिषद कोठरी अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति आदि जन प्रतिनिधि एवं शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के विद्यार्थी पंचमुखी मांगलिक भवन पठार कोठरी से तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुई। देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत हाथों में तिरंगा लहराते हुए प्रारंभ हुई, तिरंगा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, स्वागत जिला सहकारी बैंक, नगर परिषद कार्यालय, दुग्ध समिति कोठरी आदि कार्यालय के सामने मंच बनाकर जगहों पर तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भारत माता की जय का उद्घोष करते हुए तिरंगा यात्रा पवन चौक कोठरी में समापन हुई जहां सर्वप्रथम जनप्रतिनिधियो ने मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा की गई, समापन पर जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने वक्तव्य में कहा कि किस प्रकार हमारे देश के वीर सपूतों ने बलिदान दिए एवं आजादी दिलाई। इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे जिसमें जिला भाजपा महामंत्री धारा सिंह पटेल, आष्टा जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, कोठरी के पूर्व अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्रवंशी, पूर्व नगर परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व कोठरी मंडल अध्यक्ष रुपेश पटेल, गवाखेड़ा सरपंच धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, जीवन वर्मा, ललित धारवा, दिनेश चौधरी,कोठरी मंडल अध्यक्ष देव जी पटेल आदि जनप्रतिनिधि , शासकीय एवं अशासकीय स्कूल के शिक्षक एवं नगर के नागरिक उपस्थित रहे।विद्यार्थी और लोगों को धूप से बचने के लिए पेड़ों का सहारा लेना पड़ा1 किलोमीटर की तिरंगा यात्रा करने के बाद पवन चौक पर समापन हुआ, वहीं स्कूली विद्यार्थियों एवं लोगों को तपती गर्मी का सामना करना पड़ा, बच्चों को गर्मी से बचने के लिए इधर-उधर घूमते हुए नजर आए, और चांद प्रतिनिधि मंच से भाषण देते हुए, जिम्मेदारी का ठीकरा एक दूसरे पर फोड़ते हुए लोग नजर आए। कुछ लोगों का भी कहना था कि पर्याप्त टेंट की व्यवस्था नहीं कर पाया नगर प्रशासन। पेड़ो की शरण लेते दिखे विद्यार्थी।

## श्रीजगदीश्वर धाम में जन्माष्टमी पर श्रीकुरुविंद पोशाक में दर्शन देंगे श्रीराधाकृष्ण, मोहेंगे मन

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां नगर के सभी मंदिरों में अंतिम स्तर पर चल रही है।श्रीराधाकृष्ण की पोशाके भी तैयार हो चुकी है। श्रीजगदीश्वर धाम स्थित देव भवन में विराजमान श्रीराधाकृष्ण युगल सरकार इस बार जन्माष्टमी पर 'श्रीकुरुविंद' पोशाक धारण कर भक्तों को दर्शन देंगे। इस दिव्य पोशाक का निर्माण सिल्क, जरी, रेशम,रत्न,मोती आदि सामग्रियों से किया गया है। श्रीकुरुविंद पोशाक में ठाकुरजी को 'रक्तश्वेत' दृश्य क्षेत्र के बीच विराजमान किया जाएगा। श्रीजगदीश्वर धाम व्यवस्थापक नगरपुरोहित पं मयूर पाठक ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण का जन्ममहोत्सव शास्त्रीय मर्यादाओं एवं परंपराओं के अनुसार भाद्रपद कृष्ण अष्टमी 16 अगस्त शनिवार को मनाया जाएगा। हमारे यह वर्षो से यह परंपरा हैं कि जन्माष्टमी के पर्व के पूर्व श्रावण एकादशी भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न संस्कार प्रारंभ होकर सवा माह तक संपन्न होते हैं। एकादशी पर से विभिन्न धार्मिक संस्कार प्रारंभ हो चुके है। इस खास अवसर पर श्रीजगदीश्वर धाम की साज-सज्जा, श्रीराधा कृष्ण जी की पोशाक, श्रृंगार नयनाभिराम होंगी। इस दौरान भक्तों को अद्भुत छटा की अनुभूति होगी। भगवान श्रीकृष्ण के प्राकट्य उत्सव को मनाने के लिए गर्भ गृह को सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर ठाकुरजी श्रीकुरुविंद' पोशाक धारण करेंगे। इस पोशाक में रत्न व मोतियों से फूल की आकृति उकेरी गई हैं।

#### प्रारंभ हुए संस्कार

पं मनीष पाठक ने बताया कि विगत सात पीढ़ियों से परंपरानुसार जन्माष्टमी से पूर्व श्रावण शुक्ल एकादशी से विभिन्न संस्कार प्रारंभ हो जाते है।इस वर्ष जगदीश्वर धाम में हिंदू संवत्सर नाम के आधार पर पोशाक धारण कराई जाती हैं इस वर्ष 2082 सिद्धार्थी संवत्सर का नाम हैं इसलिए इस वर्ष कान्हा जी को अहमदाबाद से लाई गई नवीन पोशाक संवत्सर के अनुसार आकर्षक स्वरूप की धारण करेंगे।जिसका मूल उद्देश्य यह होता हैं कि संपूर्ण संवत्सर अर्थात वर्ष नगर समाज हित के लिए मंगल,समृद्ध, एवं वैभवशाली रहे। श्रीयुगल किशोर को पहनाई जाने वाली पोशाक के संस्कार अंतिम दौर में है।वस्त्र जुलाहा संस्कार,विश्वकर्मा संस्कार,मोर पंख संस्कार,सप्त तीर्थ जल संस्कार,आदि संपन्न कर दस दिग्पाल के संरक्षण में मंत्र जाप कर शुद्धिकरण किया जा रहा हैं।जो जन्माष्टमी पर पूर्ण होगा।पोशाक आकर्षक लगे इसका विशेष ध्यान रखा गया है। वस्त्र सहित अन्य समान का ध्यान विशेष रूप से रखा जाता हैं।

#### इस वर्ष पीली सरसों से होगा अभिषेक

पंडित डॉ दीपेश पाठक ने बताया कि जगदीश्वर धाम में प्रतिवर्ष अलग अलग साधनों से भगवान लड्डू गोपाल का महाभिषेक विभिन्न पदार्थों से किया जाता है इस वर्ष पीली सरसों से भगवान बाल गोपाल का अभिषेक किया जाएगा।यदि कोई भक्त नकारात्मकता,शत्रु की भयावहता, कार्य में रुकावटें, आर्थिक तंगी, बुरी शक्तियां आदि परेशानियों से पीड़ित हैं तो वह पीली सरसों से अभिषेक कर इन कठिनाइयों से मुक्ति प्राप्त कर सकता हैं।श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त कर आनंद एवं समृद्धि प्राप्ति के लिए पीली सरसों से अभिषेक किया जाएगा। साथ पंचमेवा, तुलसी दल, पुष्प फल आदि का भी अर्चन होगा। 12 बजे महाआरती के उपरांत सरसों भक्तों को वितरित की जाएगी।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सामान्य जनमानस में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत खाचरोद द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त स्कूल के छात्र-छात्राओं शिक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व ग्राम के नागरिकों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई। जो पंचायत भवन से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्ग से होती हुई पंचायत भवन पहुंची। जहां ग्राम के सरपंच शंकर पटेल जाट सचिव छगन गोस्वामी द्वारा समस्त ग्राम वासी व उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सरपंच शंकर पटेल जाट, सचिव छगन गोस्वामी, रोजगार सहायक सूरज जाट, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समस्त स्कूलों के छात्र-छात्राएं व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सिद्दीकगंज में निकाली तिरंगा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज

ग्राम पंचायत सिद्धि गंज में तिरंगा यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गो से निकल गई तिरंगा यात्रा में ग्राम के जन प्रतिनिधि सिद्दीकगंज थाना पुलिस कर्मचारी, पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल के बालक बालिकाएं एवं शिक्षक, वह ग्राम पंचायत सिद्धि गंज के कर्मचारी हम ग्रामीणों द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर ग्राम के मुख्य मार्ग से रैली निकाली गई। तिरंगा रैली पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पुराना थाना रोड, छोटा बाजार, चमन चौराहा, बड़ा बाजार, वह ग्राम के मुख्य मार्गो से रैली निकाली गई।

निकाली गई तिरंगा रैली में पीएम श्री हाई स्कूल बालक बालिकाओं द्वारा हाथों में तिरंगा लेकर नारे लगाते हुए बड़े धूमधाम से रैली निकाली गई। रैली के दौरान राकेश सिसोदिया मंडल अध्यक्ष, राजेन्द्र धारवा, महेंद्र सिंह काजले सरपंच सिद्धि गंज, महेंद्र सिंह ठाकुर जनपद सदस्य, मानसिंह ठाकुर इलाई, लक्ष्मी नारायण वर्मा, नंदकिशोर उप सरपंच,गौरी शंकर वर्मा संकुल प्राचार्य, राजू सिंह बघेल थाना प्रभारी सिद्दीकगंज, गजराज सिंह राठौर, दीपक ठाकुर आदि ग्रामीण एवं स्कूली बालक बालिकाएं उपस्थित रहे।

## टैलेंट स्कूल में इस्कॉन ने विशेष प्रेरक सेमिनार का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




अंतराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कान) की झाँसी से पधारी प्रसिद्ध कथावाचक एवं मोटिवेशनल स्पीकर भक्त बहन गौरान्गी भारद्वाज द्वारा आज स्थानीय टैलेण्ट इनोवेटिव हा.से. स्कूल, आष्टा में छात्रों के लिए एक विशेष आध्यात्मिक सेमिनार का आयोजन किया गया। उन्होनें अपने उद्बोधन में छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ भगवत चिंतन, प्रभु भक्ति व आध्यात्मिक मार्ग पर प्रशस्त रहकर अपने जीवन को सार्थक बनाने व जीवनशैली में प्रभु के प्रति भक्ति व समर्पण भाव विकसित करने के साथ-साथ सफलता प्राप्त करने जैसे अनेक बिन्दु पर छात्रों को मार्गदर्शित किया। उन्होंने भगवत गीता श्लोकों के माध्यम से छात्रों को मेहनत करते रहने व अपने उत्थान के लिए हमेशा सतकर्म करते रहकर कर्मयोगी बनने की बात कहीं। उन्होनें कहा कि गीता को केवल श्रद्धा से नहीं बल्कि अध्यात्मिक विज्ञान के रूप में समझना चाहिए। उनके अनुसार वर्तमान समय में भौतिक और आध्यात्मिक शिक्षा दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं। उनके साथ उनकी बहन विशाखा व पिता श्री भारद्वाज प्रभु ने भी बच्चों को अच्छे विचारों व आदतो को अपनाने की शिक्षा प्रदान की।इस अवसर पर आष्टा इस्कान शाखा के प्रमुख संदीप सोनी (अलंकार) द्वारा भी सम्बंधित विषयों पर अपने विचार व विस्तृत जानकारी साझा की गई। विद्यार्थियों ने भी अनेकों प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासा को पूर्ण किया। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय अतिथि देवों की परम्परा के अनुरूप स्टॉफ द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पहार द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया। संस्था के प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने विद्यार्थियों में सकारात्मकता, सजगता एवं उत्सुकता बनाये रखने हेतु अपने उद्बोधन में श्रीमद् भगवत गीता के महत्व को बताते हुए उपस्थित सभी वक्ताओं को सफल व सार्थक आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस आयोजन में अनेक विद्यार्थियों सहित समस्त शिक्षकगण भी उपस्थित रहें। अंत में आभार वरिष्ठ शिक्षक गणेश दुबे द्वारा प्रकट किया गया।

### यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष के दौरे से युवाओं में नजर आ रहा जोश

## इसी माह में युवाओं को सौंपी जाएगी बड़ी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आम आदमी पार्टी के यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष जयेंद्र सिंह सोमवंशी के आष्टा आगमन ने जिले के युवा कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा भर दी। उनके दौरे के बाद यूथ विंग अब तेजी से संगठन विस्तार की ओर कदम बढ़ा रहा है।यूथ विंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के मार्गदर्शन से हमें संगठन विस्तार का मूल मंत्र मिला है।

आज से ही पूरे जिले में संगठन आधारित गतिविधियों को गति दी जाएगी और इसी माह में युवाओं को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, ताकि वे जनहित के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा सकें।इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव सुमित चौहान, सीहोर जिले के कार्यकारी अध्यक्ष चेतन कुमार वास्तवार सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार साझा किए और युवाओं को संगठन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ओंकारसिंह बामनिया, श्याम सुंदर नेमा, पारस जैन, राजेश सोलंकी अखिलेश जैन पिंटू भाटी हरसराय कुशवाहा, अनिल वर्मा, नेपाल सिंह ठाकुर ,सचिन भाटी, राजू ,अखिलेश, कैलाश, पवन कुमार भाटी, सचिन मेवाड़ा,मुकेश मेवाडा , लतीफ मोहम्मद, गजराज सिंह आदि लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि सीहोर जिले में यूथ विंग का मजबूत संगठन खड़ा कर, जनता की समस्याओं को आवाज दी जाएगी और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। आम आदमी पीटी के युवा कार्यकर्ताओं में इस दौरे के बाद स्पष्ट रूप से उत्साह और संकल्प की झलक देखने को मिली।

## जावर की पुलिस के तीन वर्ष के सतत प्रयास से अपहृत बालिका मिली सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला द्वारा बालिकाओं और महिला संबंधी अपराधों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है इसी तारतम्य में थाना जावर पुलिस ने एक अपहृत बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। 23.04.2022 को ग्राम टिगरिया निवासी ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट थाना जावर में दर्ज कराई थी। जिस पर अपराध क्रमांक 160/22, धारा 363 भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध दर्ज होने के पश्चात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में, निरीक्षक मती नीता देअरवाल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए अपहृत बालिका को दिनांक 12.08.2025 को दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया। इस कार्यवाही में निरीक्षक नीता देअरवाल, उप निरीक्षक दिनेश यादव, आरक्षक क्रमांक 09 हरिओम, आरक्षक क्रमांक 156 राहुल, म.आर. 784 हीरामण एवं थाना जावर पुलिस स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।